तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 बासनवाही में अधूरी नल-जल योजना से ग्रामीण...



12 अगहन गुरुवार पर महिलाओं ने की ...



## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ और हत्या का आरोपी जेल भेजा गया



**कांकेर।** थाना कांकेर के एक मामले में आरोपी खल्लारी निवासी रोहिदास पिता स्व. जल्लूराम के द्वारा घर की दिवाल कूदकर नाबालिक से छेड़छाड़ की नियत से हत्या करने की कोशिश किया गया था। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (2), 109, 127 (4) बीएनएस, 08, 12 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी खल्लारी निवासी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व. जल्लूराम को घेराबंदी कर 6 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप एवं महिला प्रआ हितेश्वरी चेलक व आरक्षक देवदत्त कड़ियाम का अहम भूमिका रहा है।

### सड़क मरम्मत के लिए 2.65 करोड़ रुपए जारी



**कांकेर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कांकेर के तहत 30 मार्ग, जिनकी लंबाई 128.85 किमी. है, की सड़क मरम्मत (बीटी पैच रिपेयर) कार्य के लिए शासन द्वारा 2 करोड़ 65 लाख रूपएं की स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि वर्तमान में बीटी पैच मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। इसके अंतर्गत कांकेर-दुधावा (राज्य मार्ग क्रमांक 6) पर 6 किमी. एवं कांकेर-देवरी-पीढ़ापाल मार्ग (मुख्य जिला मार्ग) में 3 किमी. का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष मार्गों की मरम्मत माह दिसम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### डूबने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम किरगोली के तीन वर्षीय बच्ची तालाब में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तीन वर्षीय नित्या उसेंडी 5 नवंबर को तालाब के पानी में डूब गई। इलाज के लिए कांकेर के अस्पताल में लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि बच्ची की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीएलओ घर-घर वितरित कर रहे गणना प्रपत्र



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेंद्रपुर, सटेली और राऊरवाही में गुरुवार से विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं से आवश्यक जानकारी एकत्र करने के लिए प्रपत्र सौंप रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारी सुपरवाइजर ने मतदाताओं से अपील की है कि वे 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो और आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा कराएं। उन्होंने स्वच्छ और सही मतदाता सूची बनाने में सहयोग करने तथा लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने का आग्रह किया।

### सुविधा : नवीन थाने की स्वीकृत में विधायक आशाराम की भूमिका रही अहम

# बीस साल पुरानी माँग आज होगी पूरी, नवीन थाने की सौगात से 35 गाँव को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

- क्षेत्र की सुरक्षा और विकास को नई दिशा देगा सरोना का नया पुलिस थाना
- नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ेगी सुरक्षा, कानून व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती



सरोना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पल आज आने वाला है। क्षेत्रवासियों की 20 साल पुरानी मांग रही नवीन थाना सरोना का शुभारंभ अब आखिरकार होने जा रहा है। यह शुभ अवसर आज 7 नवंबर शुक्रवार को निर्धारित किया जाएगा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम के निरंतर प्रयास और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता प्रमुख रही है। सरोना और आस-पास के ग्रामों में लंबे समय से बढ़ती जनसंख्या और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों की सुविधा के लिए नया थाना स्थापित करने की मांग कई वर्षों से उठ रही थी। तत्कालीन प्रदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नरहरपुर क्षेत्र की एक सभा में चुनाव के एक साल पहले नए थाना खोलने की घोषणा किया था, परंतु उनकी घोषणा फाईलो में दबकर रह गई। बेवर्ती के किसान आशाराम नेताम को विधायक बनने का मौका मिला और उनको ग्रामीणों ने चुनाव प्रचार के दौरान इस माँग के बारे में बताया, तो उन्होने कहा कि थाना के लिए प्रयास किया जाएगा। विधायक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर थाना की स्वीकृति दिलाई और शासन स्तर पर लगातार प्रयास करते हुए अंततः इस मांग को साकार रूप दिलाया। नए थाना के खुलने से सरोना, एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। अब तक इन क्षेत्रों के नागरिकों को किसी भी शिकायत या घटना के लिए कांकेर थाने तक जाना पड़ता था। नवीन थाना सरोना के शुभारंभ से अब उन्हें त्वरित पुलिस सहायता और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था प्राप्त होगी।

#### सरोना थाना में शामिल होंगे 35 गांव

*सरोना वर्तमान में दुधावा चौकी व नरहरपुर थानांतर्गत आता है। नवीन सरोना थाना में 35 गांव को शामिल किया गया है। कांकेर थाना के 21, नरहरपुर के 8 और दुधावा चौकी के 6 गांव शामिल हैं। सरोना थाना के कुछ इलाके नक्सल संवेदनशील भी हैं जो अब तक कांकेर थानांतर्गत आते थे। नवीन सरोना थाना के अंतर्गत कांकेर थानांतर्गत के 21 गांव कन्हनपुरी, डंवरखार, मुड़पार दखनी, लारगांव मरकाटोला, पुरियारा, करप, बुदेली, पोखरू साल्हेभाट, सिंगनपुर, लेंडारा, सारंडा, ठेमा, निशानहर्रा, बांसपत्तर, छिंदवाड़क, झूलनातेंदू, कुम्हानखार, रावस, खल्लारी, तिरियारपानी तथा अंजनी, नरहरपुर थाना के 08 गांव धनेसरा, भैसमुंडी, पेंड्रावन, अभनपुर, देवरी बालाजी, मानिकपुर, झलियामारी और दुधावा चौकी के 6 गांव बरकई, कापसकोटी, भिरौद, सरोना, चोरिया तथा दलदली शामिल है।*

#### स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर

सरोना के नागरिकों में इस नई पहल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने विधायक आशाराम नेताम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके अथक प्रयासों और जनता के प्रति समर्पण का परिणाम है। विधायक ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। नवीन थाना सरोना का शुभारंभ इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।

#### नक्सलियों का भी कई गांव में है प्रभाव

सरोना थाना क्षेत्र के कई गांव में नक्सलियों का भी वर्चस्व रहा है और अभी भी मूवमेंट होता रहता है। इस थाना के खुलने से लगातार पुलिस का मूवमेंट होते रहने से नक्सल प्रभावित गांव भी नक्सल से मुक्त होंगे और उस क्षेत्र की जनता जो दबाव में काम करती है, उससे राहत भी मिलेगी। इस क्षेत्र के लोगों की यह माँग पूरी होने से राहत महसूस करेंगे।

#### सरोना थाना की यह रहेगी टीम

सरोना थाना के पहले थाना प्रभारी का दायित्व मालिकराम को दिया गया है और उनकी टीम में उपनिरीक्षकर केजूराम रावत, एएसआई गोपाल नेताम, एएसआई शंकर दास शोरी, प्रधान आरक्षक में सत्यप्रकाश सिंह, बीरबल नेताम, चन्द्रभान टेकाम, कृष्णा यादव, योगिता साहू, आरक्षक में बिलखम वट्टी, भगवान ध्रुव, अरविंद राठौर, देवेंद्र कुमार सलाम, दिलीप सलाम, शुभम ठाकुर, दुर्गेश कुमार कंवर, अभिषेक मिंज, चंद्रप्रकाश मरकाम, टेमन कश्यप, अगेश्वर दुग्गा, अमीला उइके, लिलेश्वरी मंडावी, सुनीता उइके, भुनेवश्वरी नायक, रीना नेताम, डोमेश नागेश, लक्ष्मीनारायण शोरी, भगवती कांगे को शामिल किया गया है।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज, कांकेर जिले को मिली मेजबानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- विधायक ने खेल भावना से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के चार दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ नरहरदेव उमावि के खेल परिसर में किया गया। प्रदेश के 05 जोन बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग जोन के 280 खिलाड़ी खो-खो बालक-बालिका, अंडर-19, हैण्डबॉल बालिका, अंडर-17 और क्रिकेट बालिका अंडर-17 खेलों की प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक आशाराम नेताम ने खेल प्रतियोगिता के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा किया।

विधायक ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि कांकेर जिले को राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर मिला है। सभी खिलाड़ी खेल को समरसता के साथ खेल भावना के साथ खेलें। उन्होंने आगे कहा कि खेलों के माध्यम से परस्पर जोड़ने का सतत प्रयास प्रदेश सरकार कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार कार्रवाई के चलते बस्तर नक्सलमुक्त की ओर सतत अग्रसर है। विधायक ने सभी खिलाड़ियों से अपील करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को 25वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल भावना से प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पहले ही अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन यहां तक पहुंचे हैं। आज के दौर में खेल को भावी कैरियर के रूप में देखा जा रहा है। श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने समाज, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश में अपनी विशिष्ट छाप ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर, चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, 5 नवंबर को दोपहर करीब 1 बजे चारामा ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया, हादसे में स्कूटी सवार के पैर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे तुरंत रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामले में घायल के भाई आत्मा राम निवासी जेपरा ने हल्बा चौकी में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनका भाई बलराम गंधर्व अपने निजी कार्य और सब्जी लेकर स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीआर 7798 से चारामा से जेपरा वापस लौट रहा था। जैसे ही वह समता रंगमंच के पास ओवरब्रिज के समीप पहुंचा, उसी दौरान कांकेर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 24 एस 5323 के चालक ने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कूटी को ठोकर मार दी। टक्कर की ताकत इतनी तेज थी कि बलराम गंधर्व सड़क पर गिर पड़े और उनके पैर में गहरी चोट लगी। राहगीरों की मदद से उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है तथा वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद से क्षेत्र में यातायात सुरक्षा को लेकर पुनः चर्चा तेज हो गई है।



### घर के बाहर से वाहन की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**कांकेर।** शहर के अन्नपूर्णापारा में घर के बाहर खड़ी वाहन की चोरी होने की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 48 वर्षीय बाल मुकुन्द रवानी पिता स्व. प्रहलाद रवानी ने पुलिस को बताया कि 28 अक्टूबर को रात करीबन 10 बजें वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 4247 को घर आने के बाद घर के सामने खड़ी कर घर के अंदर चला गया। करीबन 1 घंटा के बाद घर से बाहर आकर देखा तो वाहन नही था। तब मै घर के आसपास एंव शहर में काफी खोजबीन किया, लेकिन कोई पता नही चला। कोई अज्ञात चोर मेरी वाहन को चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## धर्मांतरण विवाद में फंसा अंतिम संस्कार, कोड़ेकुर्से में दो समुदाय आमने-सामने और परिजन लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- शव दफनाने को लेकर मचा बवाल
- शव स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित, प्रशासन समाधान की राह तलाश में



तहसील दुर्गूकोंदल के ग्राम कोड़ेकुर्से में धर्मांतरित व्यक्ति के अंतिम संस्कार का ग्रामीणों ने विरोध किया। पुलिस का कहना है कि परिजन शव को कोड़ेकुर्से थाना में रखकर घर में ताला लगाकर कहीं चले गए थे। पुलिस ने शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़ेकुर्से में रखवा दिया था। घटना के दूसरे दिन ईसाई समुदाय के लोग थाना पहुँचकर विरोध किया कि शव का अंतिम संस्कार गांव में किया जाएगा। कई घंटे तक बवाल मचता रहा, परंतु समाचार लिखे जाने तक कोई समाधान नहीं निकल पाया।

दुर्गुकोंदल के कोड़ेकुर्से निवासी 25 वर्षीय मनोज निषाद की रायपुर के एक अस्पताल में 4 नवंबर को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक बीते कुछ समय पहले ईसाई धर्म अपना चुका था। परिवारजन शव को गांव लेकर पहुंचे और दफनाने की तैयारी किया, परंतु ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक ने गांव की पारंपरिक पेन व्यवस्था और रूढ़िवादी मान्यताओं को त्याग दिया है, इसलिए गांव में दफनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। परिजन अपने निजी भूमि पर भी दफनाने की बात पर अड़े रहे, लेकिन ग्रामीण किसी भी स्थिति में सहमत नहीं हुए। विवाद बढ़ने पर परिजन और ईसाई समुदाय के लोग 5 नवंबर को शव को कोड़ेकुर्से थाना परिसर में छोड़कर चले गए। इसके बाद से मृतक के परिजन लापता हैं और उनके घर पर ताला लगा मिला। पुलिस भी परिजनों की खोज में जुटी हुई है। प्रशासन ने शव को ससम्मान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़ेकुर्से में सुरक्षित रखवा दिया। कोड़ेकुर्से के ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि मृतक ने पेन व्यवस्था को अस्वीकार किया, इसलिए गांव में दफन का विरोध जारी रहेगा। उनका कहना है कि यदि परिवार पुनः मूल धर्म में लौटने को तैयार हो, तो कोई आपत्ति नहीं।

#### ईसाई समुदाय ने की मांग

ईसाई समुदाय के लोग 6 नवंबर को थाना पहुंचे और शव को कोडकुर्से में ही दफनाने की मांग करते हुए विरोध जताया। ईसाई समुदाय के आमोन तारम, मोहन ग्वाल एवं होमेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि यह केवल अंतिम संस्कार का नहीं, बल्कि पहचान और अधिकार का प्रश्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक स्तर पर कब्रिस्तान के लिए जमीन आरक्षित किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान एसडीएम जीडी वाहिले, एएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, तहसीलदार कुलदीप ठाकुर और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझाइश देते हुए कहा कि ग्राम सभा के निर्णय और परंपरा के विरुद्ध दफन की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रशासन ने शव को चारामा कब्रिस्तान में दफनाने का विकल्प प्रस्तावित किया, पर ईसाई समुदाय अपनी मांग पर अडिग रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने बताया कि शव सम्मानपूर्वक सुरक्षित है और सभी पक्षों के बीच सहमति बनाकर शांतिपूर्ण समाधान की कोशिश जारी है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### तहसील कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

# कोयलीबेड़ा क्षेत्र के किसानों ने बीमा भुगतान मुआवजा और ऋण माफी की उठाई माँग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा





कोयलीबेड़ा क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा अंतर्गत आने वाले 18 पंचायतों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। आमतौर पर क्षेत्र के किसान दीपावली के पूर्व ही धान की कटाई शुरू कर देते हैं, लेकिन इस वर्ष लगातार बदलते मौसम ने किसानों की उम्मीदों पर बड़ा आघात किया। कटाई के बाद खेतों में पड़े धान को किसान उठा भी नहीं पाए थे कि अचानक बारिश आ गई, जिससे कटे हुए धान पानी में डूब गए। कई किसानों का धान वहीं सड़ गया तो कई जगहों पर धान के दाने अंकुरित हो गए, जिससे फसल पूरी तरह चौपट हो गई। बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ने से कई किसानों की फसल में बीमारियां भी लग गई हैं, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ गया है। खड़ी फसल भी बारिश के कारण झुक गई और गिर गई, जिससे कटाई करना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र में कृषि मौसम के प्रतिकूल होने के कारण किसान भारी चिंता में हैं। कई किसानों ने धान की खेती के लिए बैंक से कर्ज लिया था। अब फसल खराब होने के बाद ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों ने तहसीलदार के नाम सौपे गए ज्ञापन में तीन माँगे रखी है, जिसमें ऋणी किसानों के लिए फसल बीमा की राशि का तुरंत भुगतान किया जाए, प्रभावित किसानों को आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा प्रदान किया जाए और वर्ष 2025–26 के लिए किसानों के कृषि ऋण को माफ किया जाए।

## कोरर में घर के सामने से कार व भानुप्रतापपुर की फोटो दुकान में चोरी

**कांकेर/भानुप्रतापपुर।** थाना कोरर अंतर्गत कोरर में घर के सामने पार्किंग में खड़ी चार पहिया वाहन को अज्ञात ने चोरी कर लिया। वाहन मालिक ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे कोरर निवासी 43 वर्षीय गजेंद्र कुमार सिन्हा पिता महेश सिन्हा ने पुलिस को बताया कि विगत 10 वर्षो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर में आरएमए पद पर कार्य करता हूँ। मैं अक्टूबर 2019 में कार डिजायर खरीदा था, जिसका वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 3477 है। प्रतिदिन की तरह घर के सामने कार पार्किंग में खड़ा करता था। उसी तरह मंगलवार 4 नवंबर को अपनी वाहन को खड़ा किया था। मैं सुबह 6 बजे उठकर घर के बाहर आया, तो देखा



मेरी कार पार्किंग स्थल पर नही था। आसपास पता किया, कहीं भी किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिली। मेरी कार को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**फोटोकॉपी दुकान में चोरी, दीवार तोड़कर किया वारदात :** भानुप्रतापपुर। नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर-एसपी ने पासंगी पुल का किया निरीक्षण

**कोंडागांव/फरसगांव।** नगर से पासंगी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ निरीक्षण किया।निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को दूर करने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने निर्माण कार्य सुचारू ढंग से संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग की अपील की। चर्चा के दौरान एक माह के भीतर डायवर्सन बनाने के लिए समय दिया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य की महत्ता को देखते हुए निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, एसडीएम अश्वन पुसाम, प्रवीर सिंह, बदेशा, मूलचंद पांडे सहित तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### केशकाल में लगाया गया उद्यमिता जागरुकता शिविर



**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत केशकाल के सभा कक्ष में उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा बड़ी, मिनी राइस मिल, अचार, पापड़ मक्का पोहा जैसे खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्माण और विपणन से जुड़े अवसरों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने इन इकाइयों की स्थापना के प्रति गहरी रुचि और उत्साह व्यक्त किया। शिविर में श्रीमती कुसुमलता नेताम प्रभारी महाप्रबंधक, श्रीमती नम्रता एल्मा सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा हर्ष लाहोटी की उपस्थिति रही।

### बिजली डेम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत



**नारायणपुर।** जिले के भरंडा थाना के अंतर्गत बुधवार को दोपहर लगभग 3 से 3:30 बजे के मध्य बिजली डेम क्षेत्र में एक दुखद दुर्घटना घटित हुई। कुमुद सोनानी पिता शंकर सोनानी, आयु 40 वर्ष, निवासी डी.एम.के.ओ. कालोनी कोंडागांव जो कि वर्तमान पता में नयापारा में रहता था, अपने कुछ साथियों के साथ बिजली डेम घूमने गया था। नहाने के उपरांत वह अपने साथियों के साथ भोजन करने के लिए डेम के किनारे बैठा था। इसी दौरान वह मोबाइल पर फोन आने से वह बातचीत करते हुए उठकर आगे बढ़ा और अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चला गया, जिसके चलते वह डूब गया । घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रातः लगभग 9:30 बजे उसका शव बरामद कर लिया है।

# विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

## ग्राम होनावंड़ी के खेल मैदान में प्रतिभाओं ने तीन दिनों तक प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत होनावंड़ी के स्कूल परिसर स्थित खेल मैदान में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का शानदार समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी नेताम ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राज्य गीत के साथ किया गया। राहटीपारा की महिला मंडली ने मांदर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती शोरी ने अपने संबोधन में कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास का भी माध्यम है। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो–खो, गिल्ली–डंडा, रस्सी खींच, लंबी दौड़ लंबी कूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कराटे, रिले रेस और फुटबॉल जैसे खेलों का आयोजन हुआ। जूनियर एवं सीनियर वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बैडमिंटन जूनियर वर्ग प्रथम खुशबू, सोमया सलना फुटबॉल जूनियर वर्ग प्रथम श्रीकांत-दुर्गेश विश्रामपुरी, द्वितीय आशुलाल गौतम बड़ेराजपुर, रिले रेस बालिका वर्ग प्रथम प्रतिमा–करीना बड़ेराजपुर वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रथम राजकुमार–युवराज बड़ेराजपुर खो–खो बालिका वर्ग प्रथम प्रेमलता–भूमिका सलना ऊंची कूद, भाला फेंक और 100 मीटर दौड़ में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

### गांव में उत्सव जैसा माहौल

खेल मैदान में समापन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नंदलाल राठौर जिला पंचायत सदस्य, मना राम मरकाम मंडल अध्यक्ष, लालाराम मरकाम, संगीता पोयाम सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल यादव, हीरालाल बघेल, पुरुषोत्तम नायक और अन्य शिक्षकों ने किया।




**ये रहे उपस्थित:** समापन अवसर पर जनपद सीईओ लखेश्वर यादव अरकरा, तहसीलदार फणेश्वर सोम, खंड शिक्षा अधिकारी के. एस. पोया, बीआरसी एस.आर. यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों और युवा संगठनों ने प्रतियोगिता की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मांग: व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासन ने की चर्चा

# जर्जर सड़क से परेशान नगरवासियों व्यापारियों का नगर बंद रहा सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल शहर की जर्जर सड़क को लेकर गुरुवार को नगर बंद सफल रहा। शहर की दुकानें बंद रहीं। आंदोलन के बाद प्रशासन की ओर से एक राहत भरी खबर सामने आ रही है। तकनीकी खामियों के कारण लंबित टेंडर प्रक्रिया अब लगभग पूरी होने वाला है। 3.8 किलोमीटर की इस सड़क के लिए 8.19 करोड़ की लागत से बनी निविदा 7 नवंबर की सुबह 11:30 बजे खुलने वाला है। दरअसल व्यापारी संघ एवं नगरवासियों के द्वारा किए गए नगर बंद को सभी व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला है। जिसके बाद केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक ने पुनः व्यापारी संघ व नगरवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुलाई। इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ के साथ काफी महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

## 20 नवंबर से शुरू होगा सड़क नवीनीकरण का कार्य



### कल पंचवटी से शुरू होगा बीटी पेंच मरम्मत कार्यः एसडीएम

केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक ने बताया कि व्यापारी संघ व नगरवासियों के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा हुई। जिसमें एनएच के एसडीओ ने आश्वासन दिया है कि 7 नवम्बर से पंचवटी से टाटामारी जाने वाले तिराहे (एनएच-30) तक की सड़क में बीटी पेंच मरम्मत शुरू करवा दिया जाएगा। इसके साथी निविदा प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द पूरा करके आगामी 20 नवंबर तक केशकाल शहर की सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू करवाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

### पुनः बैठक रखकर सर्वसम्मति से अगला निर्णय लिया जाएगा- नीरज

व्यापारी संघ के सदस्य नीरज अग्निहोत्री ने इस बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों से मिले आश्वासन से हम संतुष्ट हैं। चूंकि आंदोलन की रूपरेखा सैकड़ों नगरवासियों और व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बनाई गई है। ऐसे में 7 नवंबर की शाम 8:30 बजे हम पुनः एक बैठक आयोजित करेंगे। जिसमें इस आंदोलन को स्थगित करने अथवा आगे बढ़ाने के संबंध में सभी लोगों से राय ली जाएगी, जो भी निर्णय होगा उसे मीडिया व प्रशासन से साझा किया जाएगा।

### निविदा में 6 ठेकेदारों ने भाग लिया हैः एसडीओ

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ शशिकांत द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच 30 केशकाल शहर 167.000 से 170.800 तक की सड़क के नवीनीकरण हेतु 8,19,67000 रुपए की लागत से निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमे कुल 6 ठेकेदारों ने भाग लिया है। इस निविदा की बिडिंग ओपन होने की तिथि 7 नवंबर सुबह 11:30 बजे निर्धारित है।

# बीईओ ने बच्चों की सुरक्षा पर वाहन मालिक और चालकों की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा ने गुरूवार 6 नवंबर को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकासखण्ड के सभी अशासकीय एवं आत्मानंद विद्यालयों के वाहन चालकों और वाहन मालिकों की एक बैठक का आयोजन किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा किया।

आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में चलने वाले वाहनों और बच्चों को सुरक्षित लाने-ले जाने के संबंध में था। बीईओ की अगुवाई में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि सभी वाहन चालक और मालिक बच्चों के हित और सुरक्षा को सर्वोपरि रखें। सभी चालकों को बच्चों से संपर्क करने और उनके साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। चालकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वे किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होने दें और वाहन को अपनी गति से अधिक नहीं चलाएं। सभी वाहन मालिकों को परिवहन विभाग के नियमों का उचित रूप से पालन करने के लिए सख्ती से निर्देशित किया गया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने इस पहल के माध्यम से सभी अशासकीय और आत्मानंद विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

आयोजित बैठक में बीईओ के साथ अभिभावक समन्वयक, बीआरसी विप्लव बैनर्जी, बीआरपी धर्मेन्द्र कस्तूरे एवं समस्त वाहन चालक एवं वाहन मालिक उपस्थित रहे।

# बीजापुर जिले से पलायन रोकने स्थानीय बेरोजगारों को मिले नौकरी और काम

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पर जकांछ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख सयोजक नवनीत चांद के दिशा निर्देश पर जिलाध्यक्ष बीजापुर गुड्डू कोरसा की उपस्थिति में बीजापुर जिले में बुनियादी समस्याओं को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम आज ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर संभागीय पदाधिकारियों के साथ जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनीत ने कहा कि जनता की समस्याएं पहले दूर हो यह हमारा प्रयास है। जमीनी स्तर पर काम नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बीजापुर में पलायन जारी है। जिले में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण, इजाज की जांच ईडी या सीबीआई से होना जरुरी है। जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी । सर्व सुविधा युक्त अस्पताल निर्माण हो, कोरमा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुले ।उन्होंने कहा कि जब तक यहां की समस्याएं दूर नहीं होती हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

### ज्ञापन में दर्जनभर से ज्यादा मांग

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कई मांग लिखकर दी गई और निराकरण जल्द करने की उम्मीद जताई गई है। इनमें वर्ष 2025-26 के धान खरीदी सीजन में दूर-दराज के किसानों के लिए रुकने की उचित व्यवस्था की जाए, अबूझमाड़ क्षेत्र में विस्थापन पर रोक लगाई जाए, अवैध जमीनों की हेरा फेरी की जांच, जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने शेल गठन किया जाए। तेंदूपत्ता नियमों में संशोधन के कारण पिछले वर्ष तुड़ाई नहीं हो सकी थी अतः पुराने नियमों को पुनः लागू किया जाए।

### बेरोजगार को काम और संविदा को नियमित

बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार और लघु उद्योग की स्थापना एवं संविदा कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण हो। पूर्वजों की भूमि पर पट्टा प्रदान किया जाए। पेदद्दा कोरमा, तोडका, कडेनार ग्राम मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कर पंचायत तोडका व पेदद्दा कोरमा में छोटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएं।

### पीड़ित परिवार को नौकरी मिले

बीजापुर जिले के विभिन्न ब्लाकों में नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को शासकीय नौकरी देने के प्रावधान के तहत शासकीय नौकरी दिए जाने के मांग, बपलायन रोकने के लिए रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग, स्कूलों में शत प्रतिशत शिक्षक भर्ती स्थानीय स्तर पर किए जाने के मांग।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संभागीय महामंत्री राम नाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकाम, जगदलपुर शहर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिमांशु आनंद, यूनियन सचिव मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिलाओं को बचत और बीमा योजनाओं से जोड़ा जाए

**कोण्डागांव।** भारतीय डाक विभाग, बस्तर संभाग के अधीक्षक ज्ञानेश मिश्रा ने गुरुवार को उप डाकघर कोंडागांव में अपने अधीनस्थ ग्रामीण डाक सेवकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं आवर्ती जमा खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक जीवन बीमा से संबंधित प्रगति की समीक्षा की और 19 नवंबर को आयोजित होने वाले महा लॉगिन डे की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। अधीक्षक मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को बचत और बीमा योजनाओं का महत्व समझाना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा हमें घर–घर जाकर ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देनी होगी। उन्हें डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि से बचत खाता खोलने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधीक्षक ने कहा कि ऐसे कर्मचारी अन्य साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।





### साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सेल से मनीष बोस एवं मनोज मरकाम ने उपस्थित डाक कर्मचारियों को साइबर धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव आर.एस. मिश्रा, उप डाकपाल सूरज लाल गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम गुप्ता सहित डाक विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम किसकोड़ो निवासी 10 वर्षीय रीता दुग्गा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता मनोज दुग्गा और गंडायबाई के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## सीजीपीएससी साक्षात्कार तैयारी की कोचिंग मिलेगी

**कांकेर।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल योजना का संचालन कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में दो अभ्यर्थियों का चयन सीजी पीएससी इंटरव्यू के लिए हुआ है। इसके अतिरिक्त जिले में निवासरत ऐसे सभी युवाओं के लिए जिन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा -2024 उत्तीर्ण की है और जिनका चयन इंटरव्यू के लिए हुआ है, ऐसे अभ्यर्थियों के लिए सीईओ जिला पंचायत कांकेर के नेतृत्व में प्रशासनिक तथा विषय विशेषज्ञों के पैनल द्वारा मॉक इंटरव्यू मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर कांकेर में किया जा रहा है। इस संबंध में बताया गया कि सभी युवाओं को एक्सपर्ट पैनल के समक्ष साक्षात्कार करवाया जाएगा।

## कलेक्टर ने कहा-सुपोषण चौपाल में स्वस्थ व्यवहार अपनाने

# महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना गुरुवार को ग्राम चिखलपुट्टी के आंगनबाड़ी केन्द्र प्लाटपारा में आयोजित सुपोषण चौपाल एवं पालक बैठक में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उपस्थित माताओं से सीधे संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ परिवारों से पड़ती है, इसलिए प्रत्येक परिवार को स्वस्थ व्यवहार अपनाना चाहिए। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से हर दो घंटे में स्तनपान कराएं और स्वयं पौष्टिक एवं संतुलित आहार लें। कलेक्टर ने बच्चों का नियमित वजन करवाने और डाइट चार्ट के अनुसार भोजन देने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को रेडी टू ईट आहार नियमित रूप से खिलाने को भी कहा। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जिनका कलेक्टर ने अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। परवरिश के चौंपियन कार्यक्रम के तहत जागरूकता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती धनराजी शुक्ला ने नाप–तौल थीम पर माताओं को बच्चों के सवांगीण विकास, समुचित देखभाल और पोषण आहार के बारे में विस्तार से बताया।




### अधिकारियों एवं ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनि कुमार बिस्वाल, परियोजना अधिकारी संजय पोटावी, पर्यवेक्षक श्रीमती इंद्रावती ध्रुव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी, जिला समन्वयक परवरिश के चौंपियन योगेन्द्र जैन, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम सरपंच श्रीमती राजेश्वरी सोडी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पेज 09 के शेष...

### राज्य स्तरीय शालेय...

छोड़ता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को टीम स्पिरिट के साथ अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर उपस्थित राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि खेल के माध्यम से अपने जिला व प्रदेश को गौरवान्वित कर अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की अपील उपस्थित खिलाड़ियों से की। इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले अतिथि की आसंदी से उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में प्रतिवेदन का वाचन कर जानकारी दी। शुभारम्भ अवसर पर नरहरदेव विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सभी जोन के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर पार्षदगण एवं नागरिकगण के अलावा जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी और पांचों जोन से पहुंचे खिलाड़ी, मैच रैफरी, कोच एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद उपस्थित रहे।

### कोयलीबेड़ा क्षेत्र...

कर्ज चुकाने की चिंता ने उन्हें और परेशान कर दिया है। किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा तत्काल राहत और मुआवजे की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो सकती है। इसी गंभीर स्थिति को लेकर 6 नवंबर को 18 पंचायतों के प्रभावित किसानों ने कोयलीबेड़ा तहसील कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कलेक्टर कांकेर के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा, जिसमें नुकसान का सर्वे कर तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराने, फसल बीमा योजना के तहत भुगतान कराने और बैंक ऋण की वसूली स्थगित किए जाने की मांग की गई। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया कि उनके नुकसान का वास्तविक आंकलन कर त्वरित सहायता दी जाए, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें और आर्थिक संकट से उबर सकें। आयोजित प्रदर्शन में क्षेत्र के 18 पंचायत के सरपंच, गायता, पटेल, किसान महिला व पुरूष उपथिति रहे।

### कोरर में घर...

अंजाम दिया है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में स्थित बस्तर फोटोकॉपी दुकान में चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर प्रवेश किया और दुकान के भीतर रखे नगद व सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक ने टूटी दीवार और बिखरा सामान देखकर पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में दीवार तोड़कर चोरी को अंजाम दिया जाना पुष्टि हुई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक बने कांग्रेस सलाहकार समिति के सदस्य

**घाटलोहंगा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस की



सलाहकार समिति एवं विशेष आमंत्रित सदस्य, साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए ट्राइबल एडवाइजरी कौंसिल का गठन किया है। इस समिति में वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। विधायक की यह नियुक्ति न केवल बस्तर क्षेत्र बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय के लिए गर्व का विषय है। उनकी सक्रिय नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सदैव आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार, संस्कृति संरक्षण एवं क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर संघर्ष किया है।

### 102 पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा

**बीजापुर।** जिले में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नई संचार क्रांति देखने को मिल रही है। ग्रामीण एवं दूरस्थ इलाकों में अब मोबाइल नेटवर्क की सुविधा तेजी से विस्तार पा रही है, जिससे शासन की योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और डिजिटल लेन-देन तक पहुंच पहले से अधिक सुगम हो गई है। वर्तमान में जिले की कुल 170 ग्राम पंचायतों में से 102 ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध है, जबकि शेष 68 ग्राम पंचायतों में नेटवर्क विस्तार का कार्य जारी है।

### आज से 13 दिसम्बर तक होगी महाशिव पुराण कथा

**गीदम।** बस्तर अंचल की पुण्यभूमि पर पहली बार भगवान भोलेनाथ की अनुपम महिमा का दिव्य प्रसंग लेकर प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले पहुंच रहे हैं। यह पावन महा शिव पुराण कथा 7 से 13 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पनेड़ा क्रिकेट ग्राउंड गीदम में आयोजित की जाएगी।

## निधन

### दुर्गा मिस्त्री

**जगदलपुर।** पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा अंजू रॉय की बड़ी बहन दुर्गा मिस्त्री का आज प्रातः



पंखाजुर के बंदना अस्पताल में निधन हो गया। वह राकेश मिस्त्री पूर्व पंचायत उपाध्यक्ष की माता एवं अजीत मिस्त्री ऑल इंडिया किसान मजदूर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की सास थी। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर में पी वी 82 विजयनगर बांदे शमशान घाट में किया गया। वह सामाजिक कार्य में सक्रिय रही। अंतिम यात्रा में परिजन, बंगाली समाज के लोग, ग्रामवासी और जगदलपुर, बांदे, कांकेर, पखांजुर और अन्य शहर गांव से पहुंचे लोग शामिल रहे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### लखबीर सिंह

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ की सदस्या करमजीत कौर के पति लखबीर सिंह का निधन आज उपचार के दौरान हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 नवंबर को उनके गृह निवास शांति नगर वार्ड से सुबह 10 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। पंजाब के भटिंडा से परिजन रवाना हो गए हैं जो शुक्रवार को रात तक पहुंचेंगे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# गुरु नानक जयंती व कार्तिक पुन्नी पर विधायक पहुंचे मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व जयंती एवं लौकिक आस्था के पावन पर्व कार्तिक पुन्नी पूर्णिमा के अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम मरलेंगा पहुंचकर भगवान कार्तिकेय की पूजा-अर्चना की तथा बस्तर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम के माता-बहनों, ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामीणजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।



विधायक बघेल ने कहा कि गुरु नानक देव ने सत्य, एकता, प्रेम और समानता का संदेश देकर मानवता को नई दिशा दिखाई उनके बताए मार्ग आज भी समाज को सद्भाव, भाईचारे और सच्चाई की राह पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। इसी क्रम में विधायक ने कार्तिक पुन्नी के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्नान, ध्यान, जप-तप एवं दान से अक्षय फल की प्राप्ति का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं आरोग्यता का संचार करे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मरलेंगा की नवयुवक समिति के सदस्यों ने विधायक से टेंट शेड की मांग रखी, जिस पर विधायक ने तत्काल एक शेड निर्माण की घोषणा करते हुए ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। ग्रामवासियों ने विधायक बघेल के प्रति अपने अपार स्नेह, प्रेम एवं विश्वास को व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव गांव के विकास के प्रति संवेदनशील रहते हैं और हर अवसर पर जनता के साथ खड़े दिखाई देते हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, नवयुवक समिति के सदस्य, महिला समूह, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा सीताराम शिवालय





**मद्देड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मददेड के सीताराम शिवालय के पावन देव उठनी एकादशी एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सीताराम शिवालय मंदिर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और उसके बाद मंदिर में पहुंचकर सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भक्तों ने भगवान विष्णु और शिव-पार्वती की आराधना करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किए। कथा वाचन के दौरान मंदिर परिसर में गूंजते रहे जय श्रीराम, हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा के उपरांत मंदिर समिति की ओर से भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्तिभाव से कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर परिसर को दीपों और फूलों से सजाया गया था जिससे पूरा स्थल अत्यंत आकर्षक दिखाई दे रहा था।

## राज्योत्सव का हुआ रंगारंग समापन

# गौरव के साथ कह सकते हैं हमारा राज्य छग : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा







जिले में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित राज्योत्सव रजत महोत्सव का मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण स्थित मेंढ़का डोबरा मैदान में भव्य समापन हुआ। 2 से 4 नवंबर तक चले इस तीन दिवसीय राज्योत्सव में जिले की सांस्कृतिक झलकियाँ, पारंपरिक लोकनृत्यों, प्रदर्शनी एवं विविध आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से दंतेवाड़ा की समृद्ध संस्कृति और विकास की उपलब्धियों का

- **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आदर्श विद्यालय व स्टालों में महिला बाल विकास को प्रथम स्थान**

भी प्रदर्शन किया गया।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि हम सभी जानते है कि आज के ही दिन हमारे छत्तीसगढ़ को राज्य का स्वरूप देना तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेई की देन है। आज हम छत्तीसगढ़ में गौरव के साथ कह सकते है कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ है। जिस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की नई परंपराओं की शुरूआत और उनका सफल क्रियान्वयन हुआ है, उसी तरह दंतेवाड़ा जिला भी विकास की राह पर सतत अग्रसर है। राज्य सरकार की विकास योजनाओं का सकारात्मक परिणाम दक्षिण बस्तर में दिखने लगा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं अन्य क्षेत्र में जिले की सकारात्मक पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास की सुविधा भी दी जा रही है। एजुकेशन सिटी जावंगा में विद्यार्थियों द्वारा जो उपलब्धि हासिल की जा रही उसे पूरे देश में जिले का नाम रौशन हुआ है इसके अलावा कृषि क्षेत्र में बात की जाए तो जैविक कृषि में भी स्थानीय कृषकों ने नये मुकाम अर्जित की है। इसके अलावा जिले में लक्ष्य एवं छू लो आसमान जैसे संस्थानों के माध्यम से जिले के विद्यार्थी निरंतर अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। इन संस्थानों से प्रशिक्षित कई विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर बने हैं, वहीं कुछ विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी में भी हुआ है और वे वर्तमान में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने अपने उद्बोधन में शालेय छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति एवं विभागों के स्टालों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रजत महोत्सव के अवसर पर उनकी उत्साहवर्धक सहभागिता में चार चांद लगा दिए। वास्तव में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों में विकास के नये आयामों को छुआ है। उस से भी बढ़कर हमारे दंतेवाड़ा जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास के लहर जो पहुंची है वह अभूतपूर्व है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उपस्थित नागरिकों एवं बच्चों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि इस समापन कार्यक्रम में आए प्यारे बच्चों, गणमान्य नागरिकों और अतिथियों का मैं हार्दिक स्वागत करता हूँ। उन्होंने कहा कि विगत तीन दिवस से जिले में हर्षोल्लास के साथ राज्योत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इन प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुँचाई गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं,शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## बस्तर ओलंपिक की बजी सीटी

# नेताओं ने जोन स्तरीय खेलों का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोण्टा विकासखंड में बस्तर ओलंपिक खेलों के लिए चार जोर जगरगुण्डा दोरनापाल एर्राबोर कोंटा बनाए गए। इसमें से तीन जोन दोरनापाल एर्राबोर कोंटा के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों के प्रतिभागियों एवमं स्कूली बच्चों के लिए विकासखंड मुख्यालय कोंटा के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण मैदान में तीन दिवसीय खेलों का शुभारंभ बुधवार से शुरू हुआ। प्रथम दिन दोरनापाल जोर अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिभागियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिला। जिसके लिए प्रथम दिन कुल 725 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों के लिए अपना पंजीयन कराया था। वहीं दुसरे दिन कोंटा के अंतर्गत आने वाले कुल 935 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे वर्ष 2025 के बस्तर ओलंपिक खेलों का शुभारंभ बुधवार के कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष शसोयम मंगम्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुमलता कवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष जी.साई रेड्डी मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नु लीना ओयम जनपद सदस्य मड़कम भीमा नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया जनपद उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा सदस्य माड़वी देवा सहित एसडीएम सुभाष शुक्ला तहसीलदार गिरीश निंबलकर जनपद सीईओ सुमीत ध्रुव खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास राव बीआरसी वीरभद्र राव ने पूजा अर्चना पश्चात फीता काटकर शुभारंभ किया। बस्तर ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि सोयम मंगम्मा जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी कोंटा एसडीएम सहित आला अतिथियों ने संबोधित कर प्रतिभागीयों को शुभकामनाएं दी ।

### जिपं सीईओ ने लिया जायजा

बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का जायजा लेने सुकमा जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर पहुंचे। जिनका कोंटा के आत्मानंद स्कूल मैदान में पोटकपल्ली व मराईगुड़ा सरपंच सहित ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सीईओ जिपं ने ग्रामीणों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली जिस पर सरपंच सहित ग्रामीणों ने अच्छी व्यवस्था होने की जानकारी दी। वहीं जिला पंचायत सीईओ ने आने वाले समय में और भी अच्छी व्यवस्था होने की बात कहते हुए।

# धाकड़ समाज कल्याण समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित धाकड़ समाज कल्याण समिति की बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समाज में हो रहे गतिविधियों की जानकारी, शैक्षणिक सामाजिक जनगणना, सामाजिक कार्यों का आय व्यय लेखा-जोखा और मधोता, खैरगुड़ा में धाकड़ समाज भवन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

बैठक में बोदरा के डुमनी ठाकुर के आवेदन के संबंध में समाज बंधुओं ने दोनों पक्षों से बयान लिया। चन्दन ठाकुर ने घर ले जाने का पक्ष रखा जबकि डुमनी ठाकुर ने ससुराल नहीं जाने का पक्ष रखा। समाज के अथक समझाईश के बावजूद दोनों अपनी बयान पर अडिग रहे आखिरकार पुनः दोनों के बयान लेने के बाद समाज ने निर्णय लिया कि दोनों अपनी-अपनी जिंदगी स्वतंत्र रूप से व्यतीत करना चाहते हैं और भविष्य में किसी प्रकार का दावा-आपत्ति नहीं करेंगे।समाज ने दोनों पक्षों से अपील की है कि वे समाज के निर्णय को मानें और भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करें। यदि कोई पक्ष समाज के निर्णय के विरुद्ध जाता है, तो समाज द्वारा उसे मान्यता नहीं दी जाएगी। विवाह में भेंट स्वरूप दी गई सामग्री वापस करने की सहमति भी दी गई है। लड़के पक्ष ने समाज के समक्ष सामग्री वापस करने की सहमति दी है। इस निर्णय से समाज में एकता और संगठन की भावना को बल मिला है।

### पेड़ के नीचे बैठक करने मजबूर

मधोता क्षेत्र अन्तर्गत आठ गांवों में निवास करने वाले धाकड़ समाज के लोगों को अपने सामाजिक बैठक के लिए उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। समाज के लोग क्षेत्रीय स्तर पर मधोता में बैठक आयोजित करते हैं, लेकिन भवन न होने के कारण उन्हें पेड़ के नीचे बैठक करने को मजबूर होना पड़ता है। समाज के लोगों ने अपनी मांग को लेकर आवाज उठाई है कि उन्हें अपने सामाजिक बैठक के लिए उचित स्थान मिलना चाहिए। वे चाहते हैं कि उनके लिए एक भवन का निर्माण किया जाए, जहां वे अपने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकें।

### छायाचित्रों में झलकती छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा



**दंतेवाड़ा।** मां दंतेश्वरी की पावन नगरी दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव राज्योत्सव का आयोजन उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया जा रहा है। इस क्रम में मेंढ़का डोबरा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव में दंतेवाड़ा की धरती विकास, संस्कृति और नवाचार का जीवंत उदाहरण बनी हुई है। राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा को रंगीन छवियों, जानकारीपूर्ण पोस्टरों और रोचक आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मोदी की गारंटी योजनाएं को प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया है।

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बड़े मंच से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक किया जा रहा था। इसी के तहत दरभा ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन हायर सेकंडरी स्कुल मांझीगुडा चिंगपाल के खेल मैदान में किया गया। दो दिवसीय स्पर्धा में हजारों

- **ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलपिंक का हुआ समापन**

खिलाड़ियों ने विविध खेलों में अपना जौहर दिखाया। समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों के सामने रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। इसके बाद समस्त विजेताओं को पुरस्कार के साथ-साथ मेडल तथा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 3 नवंबर को हुआ था, जबकि समापन 4 नवंबर को किया गया। समापन के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई ने की। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी थे। जनपद पंचायत सीईओ बीरेंद्र बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे। स्पर्धा में ब्लॉक के 46 ग्राम पंचायतों और विद्यालयों से 7494 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। इनमें से 5317 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताएं जूनियर 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्गों में आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कराते, बैडमिंटन, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे पारंपरिक और आधुनिक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। एकल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ सामूहिक खेलों में विजेता और उपविजेता टीमों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस समापन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद सदस्य गागरा राम नाग, कमलू कवासी, जयमनी मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया, धर्मेंद्र ठाकुर, मुन्नू सिंह, दुर्जुन कश्यप, महेश कश्यप, विष्णु प्रताप कश्यप, दिनेश पांडे व जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता गण एवं बीईओ जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप एवं समस्त शिक्षकगण के साथ ग्राम पंचायत के समस्त सचिवों ने बस्तर ओलपिंक खेल को समापन कराने में योगदान दिया एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें : विधायक

विधायक विनायक गोयल ने कहा बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन ग्रामीण और आदिवासी अंचलों की खेल प्रतिभाओं को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। आने वाले समय में बस्तर ओलंपिक प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बस्तर की पहचान बनाएगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नशे व सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

# किरंदुल परियोजना ऐक्सिड पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल




नई दिल्ली के सस्टैनेबल डेवलपमेंट इनीशिएटिव एक काम देश के नाम यूनिट द्वारा होटल मे-फेयर लैगून, भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित एक भव्य समारोह में एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स को माईनिंग एवं मेटलर्जी क्षेत्र एवं पर्यावरण सुधार श्रेणी हेतु 19 वें ऐक्सिड पर्यावरण पुरस्कार-2025 चैम्पियन इमजिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। परियोजना की ओर से यह पुरस्कार अभिजीत घोष सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं देबोब्रत मंडल, वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण ने ग्रहण किये। 6 नवम्बर को अवार्ड को केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन ने परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक को सौंपा। इस अवसर पर केएल नागवेणी उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, एसके पाण्डे उप. महाप्रबंधक सिविल, अवनीश शर्मा उप. महाप्रबंधक पर्यावरण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। परियोजना प्रमुख ने परियोजना के सभी कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बस्तर ओलंपिक में भोजन के लिए तरसे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावण्ड

विकासखंड बकावंड में ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया। लेकिन खेल में भाग लेने वाले 8 जोन के बच्चे विभिन्न ग्राम पंचायत की शालाओं से आए लेकिन उनके लिए भोजन की सही व्यवस्था नहीं की गई। लगभग 2000 बच्चों के लिए भोजन पर्याप्त नहीं था। भोजन की कतार में बच्चे भूखे प्यासे रहे । अनेक बच्चों को भोजन नहीं मिला। भोजन स्थल पर गंदगी रही। इस संबंध में आयोजन कर्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बकावंड परमेश्वर कुर्रे से चर्चा करने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव का जवाब भी संतोषजनक नहीं था।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निषाद केंवट समाज ने युवा व महिला प्रकोष्ठ का किया गठन

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम सम्बलपुर में निषाद केंवट समाज की बैठक आयोजित कर युवा और महिला प्रकोष्ठ का किया गठन। समाज के गुहा निषाद राज और भगवान रामचन्द्र की पूजा-अर्चना के साथ बैठक की शुरुआत की गई। इस बैठक में सामाजिक समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रचनात्मक कार्यों के साथ-साथ समाज में एकता और अखण्डता बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में प्राप्त आवेदनों में सामंजस्य सम्बंधित प्रकरणों का निराकरण किया गया और समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों से समाज के लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निषाद केंवट समाज के जिलाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र निषाद, भारत कुमार निषाद, भागीरथी निषाद, सुशील निषाद एवं रामनारायण निषाद, धरम निषाद, पावत्री निषाद, दिलीप निषाद एवं बिसौहा निषाद, तरुण निषाद, अमित निषाद, गौतम निषाद, एवन निषाद सहित ब्लॉक अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

**कांकेर।** वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 07 नवम्बर को सुबह 10 से 11 बजे के बीच किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में किया जाएगा। इस दौरान वंदे मातरम का गायन पूरे प्रदेश में एक साथ किया जाएगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सम्पूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन 07 नवम्बर से चार चरणों में आगामी एक वर्ष तक किया जाएगा। इसके प्रथम चरण में 07 से 14 नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके तहत 07 नवम्बर को सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों व स्थानीय अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में वंदे मातरम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर से लेकर सभी शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य संस्थानों में कार्यक्रम किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों व गतिविधियों का वंदे मातरम गायन के साथ पोर्टल में अपलोड किया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर वंदे मातरम पर आधारित कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली , स्कूलों व कॉलेजों के बैंड द्वारा वंदे मातरम से संबंधित संगीतमय कार्यक्रम एनसीसी, एनएसएस, स्काउट आदि की भागीदारी के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जल संकट : टंकी बना शो-पीस, पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू तक नहीं किया

# बासनवाही में अधूरी नल-जल योजना से ग्रामीण परेशान, लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल-जलजीवन मिशन योजना का उद्देश्य था कि हर ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए ग्राम पंचायत बासनवाही में भी वर्ष 2023-24 के दौरान 15 लाख 70 हजार रुपए की लागत से सोलर आधारित पानी की टंकी का निर्माण किया गया, लेकिन विभागीय उदासीनता और लापरवाही के कारण यह योजना अब तक अधूरी है और टंकी मात्र शो-पीस बनकर रह गई है। ग्राम पंचायत बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा हाई स्कूल के पास में दो वर्ष पूर्व सोलर टंकी स्थापित की गई थी। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही इस टंकी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, परंतु आज तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू तक नहीं हुआ। नतीजा यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद गांव में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंचा है। स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाई स्कूल चौक क्षेत्र में सिर्फ एक हैंडपंप था, जिससे पूरे पारा के लोग और स्कूल के लगभग 400 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विभाग ने यहां पुराने हैंडपंप को निकालकर सोलर पंप तो लगा दिया, लेकिन जब पाइपलाइन नहीं बिछाई गई तो पानी की आपूर्ति शुरू ही नहीं हो पाई। अब न तो हैंडपंप काम कर रहा है और न ही सोलर पंप से पानी मिल रहा है। इससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### कई बार शिकायत नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार समाचार पत्र हरिभूमि के माध्यम से, साथ ही विभागीय अधिकारियों को फोन पर जानकारी दी है। लेकिन अब तक किसी अधिकारी ने मौके पर आकर स्थिति की सुध नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार ने पानी के लिए योजना बनाई, टंकी बनवाई, पंप लगवाया, तो फिर पाइपलाइन क्यों नहीं बिछाई जा रही है? गांव के लोगों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



### जनजीवन मिशन की साख पर सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना सिर्फ कागजों में ही सीमित रह गई है। जहां सरकार गांव-गांव पेयजल पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं विभागीय उदासीनता से योजनाओं का उद्देश्य ही विफल हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सोलर टंकी से पाइपलाइन कार्य तत्काल पूरा किया जाए हाई स्कूल क्षेत्र में वैकल्पिक पेयजल की व्यवस्था की जाए लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। जलसंकट की स्थायी व्यवस्था के लिए ग्राम स्तर पर निगरानी समिति बनाई जाए।

### कार्यप्रगति पर, जल्द मिलेगा पानी

सब इंजीनियर कविता महानदिया ने इस विषय पर बताया कि बासनवाही गांव में पानी टंकी और सोलर आधारित दोनो योजना है, इसमें सोलर योजना साइड पे पूर्ण किया गया है। उसमें ऐसा है कि पाईप लाईन का कार्य प्रगतिरत हैं, जिसे जल्दी ही पूर्ण कर दिया जाएगा। हमारा प्रयास होगा कि गांव में जल्द पानी की सप्लाई दी जा सके।

## दुर्गूकोंदल में जलसंकट, पानी टंकियां बनीं शो पीस, झरिया का पानी पीने को मजबूर

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम रसोली, नागहुर और नेडगांव में ग्रामीण बुनियादी जरूरत पीने के पानी के लिए आज भी संघर्ष कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत इन गांवों में पानी की टंकियों का निर्माण और नल कनेक्शन तो दिया गया, लेकिन पानी की आपूर्ति शुरू हुए कुछ ही दिन हुए और फिर बंद हो गई। परिणामस्वरूप, लाखों रुपए की योजनाएं आज गांवों में शोपीस बनकर खड़ी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी निर्माण के बाद मात्र 6 से 7 दिनों तक ही नलों से पानी मिला, इसके बाद से टंकी खाली पड़ी है। पाइप लाइन होने के बाद भी गांवों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। रसोली और नागहुर में लगाई गई सौर पम्प और प्लेटें महीनों से खराब पड़ी हैं। क्रेडा विभाग और जिला प्रशासन को कई बार जानकारी देने और आवेदन करने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीणों को नदी के किनारे झरिया बनाकर उसी जगह से छनकर आने वाले पानी को पीना पड़ रहा है। पहले गांव में एक हैंडपंप था, जो खराब होने के बाद किसी ने उसे सुधारा तक नहीं। मजबूरी में ग्रामीण नदी से पानी भरकर घर लाते हैं और वहीं से निस्तारी से लेकर पीने तक की जरूरतें पूरी करते हैं। गांव की सरपंच जबाय बाई नुरेटी ने भी स्वीकार किया कि ग्रामीणों की जल समस्या काफी पुरानी है। उन्होंने कहा हमने कई बार विभाग को आवेदन किया, अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस है। हमारे लोग झरिया का पानी पी रहे हैं, यह अत्यंत दुखद स्थिति है। इधर प्रशासन दावा जरूर कर रहा है कि जल्द ही समस्या दूर की जाएगी, लेकिन महीनों से प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों को अब सरकारी वादों पर भरोसा नहीं रह गया है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाना था, परंतु जमीनी हकीकत इस मिशन पर सवाल खड़ा कर रही है। गांव की खामोश पड़ी पानी की टंकियां रोज ग्रामीणों को यही याद दिलाती है।



## 900 जब्त, तीन जुआरियों पर जुआ एक्ट का मामला दर्ज



**कांकेर।** नया बस स्टैण्ड क्षेत्र में ताश पत्ती से जुआ खेलते तीन जुआरियों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 900 रुपये नगद, ताश की 52 पत्तियां तथा एक प्लास्टिक बोरी जब्त की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि नया बस स्टैण्ड कांकेर के पास कुछ व्यक्ति ताश-पत्ती के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम 6 नवंबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने कुछ दूरी से देखने पर पाया कि कुछ लोग ताश पत्ती के साथ हल्ला-गुल्ला कर रहे थे और रुपए -पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का खेल खेल रहे थे। पुलिस ने तत्काल इलाके की घेराबंदी की और मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शांति नगर कांकेर निवासी 42 वर्षीय कांसी राम देवांगन पिता स्व. विदेशी राम, भंडारीपारा कांकेर निवासी 48 वर्षीय सेलवम मसीही पिता देव किरवई तथा एमजी वार्ड कांकेर निवासी 26 वर्षीय रमेश पटेल पिता विनय पटेल के रूप में हुई है। पुलिस कार्रवाई के दौरान कुछ अन्य जुआरी मौके से भागने में सफल हो गए। जप्ती कार्रवाई में आरोपी सेलवम मसीही के पास से 200 रुपये तथा फड़ से 100 रुपये, कांसी राम देवांगन के पास से 150 रुपये और फड़ से 150 रुपये, जबकि रमेश पटेल के पास से 50 रुपये और फड़ से 250 रुपये बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 900 रुपये व ताश की एक गड्डी जब्त की गई।

कांकेर पुलिस ने बताया कि जुआ खेलने की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की गई और आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## अगहन गुरुवार पर महिलाओं ने की महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना



■ नए चावल की खीर का भोग चढ़ाकर कथाएं सुनिं और लक्ष्मी को किया प्रसन्न

**दुर्गुकोंदल।** अगहन माह के प्रथम गुरुवार के अवसर पर क्षेत्र के गांव-ग्राम सहित कस्बों में महालक्ष्मी व्रत एवं पूजन विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातः काल से ही श्रद्धालु महिलाएँ स्नान-ध्यान कर माता लक्ष्मी की आराधना में निमग्न हो गईं। अगहन गुरुवार के इस विशेष पर्व पर घरों में शुद्धता, स्वच्छता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। प्रातःकाल पूजा के दौरान लक्ष्मी एवं तुलसी का संयुक्त पूजन किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी को भगवान विष्णु की सहचरी एवं उनके श्रीचरणों में सदा विराजमान माना गया है, इसलिए इस दिन लक्ष्मी-नारायण के रूप में पूजन का विशेष महत्व होता है। सुहागिन स्त्रियाँ अगहन गुरुवार का व्रत रखकर अपने घर में सुख-शांति, सौभाग्य तथा धन-वैभव की वृद्धि की कामना करती हैं। व्रत विधान के अनुसार सुबह घर के मुख्य द्वार पर चावल या रोली से माता लक्ष्मी के चरण चिन्ह बनाए जाते हैं। ऐसा करने से यह प्रतीक माना जाता है कि माता लक्ष्मी स्वयं गृह में प्रवेश कर रही हैं। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर, धूप-नैवेद्य, फल, पंचामृत तथा प्रसाद अर्पित किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाएँ समूह में भजन-कीर्तन एवं लक्ष्मी स्तुति का आयोजन भी करती हैं। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि अगहन गुरुवार का व्रत करने से घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है तथा परिवार में चल रही बाधाएँ और कष्ट दूर होते हैं। यह व्रत पति-पत्नी के दांपत्य जीवन में सौहार्द और स्थिरता लाने वाला माना गया है। ऐसा भी कहा जाता है कि महालक्ष्मी व्रत से माता प्रसन्न होकर अपने भक्तों के घर में स्थायी निवास करती हैं और गरीबी दूर होती है। इस प्रकार पूरे क्षेत्र में अगहन गुरुवार का पावन पर्व आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक श्रद्धा के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

## फोर्स की खो-खो प्रतियोगिता में मंडागांव की टीम ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



178वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल दुर्गुकोंदल द्वारा सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनमें अनुशासन तथा टीम भावना का विकास करने के उद्देश्य से खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीएसएफ के जवानों के साथ-साथ आसपास के गांवों के युवाओं व स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को नशे और भटकाव से दूर रखना तथा बीएसएफ और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी सौहार्द एवं विश्वास को सुदृढ़ करना था। खो-खो प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबला भूस्की और मंडागांव की टीमों के बीच हुआ। दोनों टीमों ने शानदार खेल तकनीक, फुर्ती और अनुशासन का परिचय देते हुए दर्शकों को बांधे रखा। कड़े संघर्ष और कड़ी टक्कर के बाद मंडागांव की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं भूस्की की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम के समापन पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बीएसएफ अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। चयनित खिलाड़ियों की एक टीम अब 178वीं वाहिनी का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। कार्यक्रम का आयोजन 178वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट शैलेन्द्र शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके नेतृत्व में बीएसएफ लगातार सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक व जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और आत्मीयता की भावना बढ़ रही है। कार्यक्रम में उप समादेष्टा गुरु चरण सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार, अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा ग्रामीण क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

इस आयोजन ने न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया, बल्कि बीएसएफ और स्थानीय जनता के बीच एकता, विश्वास और सहयोग की नई मिसाल भी पेश की। खेल के माध्यम से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण, अनुशासन और सामुदायिक सौहार्द की भावना भी मजबूत होती है। यह आयोजन सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### समस्या को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

# धान खरीदी केंद्र बंद होने से किसान चिंतित, यथावत रखने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



क्षेत्र के किसानों ने रेंगावाही धान खरीदी केंद्र को यथावत बनाएं रखने की पुरजोर मांग की है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र दूर होने के कारण उन्हें पहले उपज बेचने में कठिनाई होगा। किसानों ने अपनी इस गंभीर समस्या को लेकर विधायक विक्रम देव उसेंडी, सांसद भोजराज नाग और मंडल अध्यक्ष बांदे सुनीता मंडल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए कहा कि धान खरीदी केंद्र दूर होने के कारण उन्हें पहले उपज बेचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या को देखते हुए 2014-15 में रेंगावाही में धान खरीदी केंद्र खोला गया था। शासन के निर्देश पर रेंगावाही धान खरीदी केंद्र को बंद किया जा रहा है। रेंगावाही के समस्त किसानों को अब छोटेबेठियां धान खरीदी केंद्र से जोड़ा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अत्यधिक परेशान हैं। किसानों ने तर्क दिया है कि छोटेबेठियां धान खरीदी केंद्र में पहले से ही लगभग 75 हजार क्विंटल से अधिक की खरीदी होती है। इस केंद्र के किसान भी समय पर अपना धान नहीं बेच पाते हैं और अक्सर उचित मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह जाते हैं। यदि रेंगावाही केंद्र को बंद कर छोटेबेठियां में समायोजित किया गया, तो रेंगावाही क्षेत्र के किसान अपना धान बिल्कुल नहीं बेच पाएंगे। किसानों का कहना है कि रेंगावाही धान खरीदी केंद्र के बंद होने से लगभग 1290 किसान सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। किसानों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से अव्हान किया कि किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लें और रेंगावाही केंद्र को पूर्व की भांति संचालित रखें ताकि किसान अपनी उपज समय पर बेच सकें।

## तुंहर टोकन एप से पंजीकृत किसान धान बेचने प्राप्त कर सकते हैं टोकन

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों के धान की खरीदी की जाएगी। खाद्य विभाग द्वारा इसके लिए पंजीकृत किसानों को टोकन के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विभाग की तरफ से तुंहर टोकन मोबाइल एप जारी किया गया है, जिसके माध्यम से किसान उक्त एप को डाउनलोड कर अपना पंजीयन मोबाइल के जरिए स्वयं कर सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि एक किसान का अधिकतम तीन टोकन जारी किया जाएगा, जिसमें निरस्त किए टोकन भी शामिल होंगे। टोकन में धान मात्रा 0.40 क्विंटल प्रति बोरा के अनुपात से प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा। बैंक खाता सत्यापित नहीं हुए किसानों का टोकन जारी करने की अनुमति नहीं है। किसान का एक ही तिथि में दो टोकन जारी नहीं किया जा सकेगा। इसी तरह आगामी 7 दिनों का टोकन जारी करने की अनुमति विभाग द्वारा दी गई है। टोकन में जारी धान की मात्रा डीसीएस, गिरदावरी, पीवी के अनुसार पंजीकृत धान रकबे से कम अथवा बराबर होनी चाहिए। शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार लघु और सीमान्त किसानों को अधिकतम दो टोकन तथा बड़े किसानों को तीन टोकन जारी किया जा सकेगा। ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन माध्यम से यानी सोसायटी संचालक पिछले वर्ष की भांति सुबह 9.30 से टोकन जारी करना शुरू कर सकते हैं। यह भी बताया गया कि धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनधिकृत टोकन जारी होने से रोकने के लिए टोकन बनाते समय आधार पर आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। इससे किसान की पहचान सत्यापित होगी तथा उनकी स्पष्ट सहमति के बिना टोकन जारी होने से रोका जा सकेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सहकारी समितियों के 55 सदस्यों ने मिला प्रशिक्षण



**कांकेर।** सहकारी समिति प्राथमिक स्तर की सहकारी लघुवनोपज, मत्स्य सहकारी समिति, पैक्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न सहकारी समितियों के कुल 55 सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में सर्वप्रथम सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा किया गया। एनसीडीसी की योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय जानकारी दिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष सियों पोटाई एवं संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया।

स्वामी जी-93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक
05 दिसंबर 2025
15 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411